# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
## 27/02/2023

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Hamara Samachar,Jaipur, (RAJ)**

# आजादी के अमृत महोत्सव के तहत खेलकूद प्रतियोगिता का उच्च माध्यमिक विद्यालय खोरा श्यामदास में प्रतियोगिता हुई आयोजित

**हमारा समाचार**

**हरमाड़ा/ सीपी गहलोत।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खोरा श्यामदास में शनिवार को आमेर के लालवास आरएएफ 83 वी बटालियन द्वारा स्कूल आजादी के अमृत महोत्सव के तहत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें कबड्डी और वाद विवाद प्रतियोगिता हुई विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया जानकारी के अनुसार कमांडेंट प्रवीण कुमार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के तहत यह प्रतियोगिता आयोजित हुई है। प्रतियोगिता सहायक कमांडेंट श्रीराम शर्मा के नेतृत्व खेलकूद प्रतियोगिता में कबड्डी और वाद विवाद प्रतियोगिता हुई जिसमें प्रथम स्थान आने वाली टीम को पुरस्कृत किया गया







जानकारी के अनुसार श्रीराम शर्मा सहायक कमांडेंट ने स्कूल के प्रधानाचार्य राकेश कुमार पारीक और शिक्षक को छात्र-छात्राओं एवं ग्रामवासियों का सहयोग करने हेतु आभार व्यक्त किया और सभी कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों को जीवन में खेलों के महत्व तथा स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी इस मौके पर निरीक्षक राकेश कुमार मीणा उप निरीक्षक रामनिवास मीणा सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

**Danik Bhaskar, Jaipur, (RAJ)**

# तुरंत सहायता पहुंचाने के लिए रेपिड एक्शन कोर्स ने निकाला फ्लैगमार्च



राजसमंद| जिले में आने वाले त्योहारों को लेकर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शनिवार सुबह 11 बजे राजनगर थाना क्षेत्र में रेपिड एक्शन फोर्स की 83 बटालियन व थाना राजनगर थानाधिकारी और कर्मचारियों ने फ्लैगमार्च किया। थानाधिकारी डॉ. हनुवंतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि भारत सरकार केंद्रीय गृहमंत्रालय के आदेशानुसार लालवास, जयपुर में तैनात रेपिड एक्शन फोर्स की 83 बटालियन के कमाण्डेंट प्रवीणकुमार सिंह के मार्गदर्शन में सहायक कमाण्डेंट श्रवणलाल मीणा के नेतृत्व में सी 83 बटालियन की एक प्लाटून 24 फरवरी से 3 मार्च तक राजसमंद जिले के पुलिस थानों का भम्रण परिचित अभ्यास करने के लिए शनिवार को एएसपी शिवलाल बैरवा व अन्य पुलिस कार्मिकों के साथ मिलकर संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों में परिचित अभ्यास किया तथा साथ ही पुलिस के साथ मिलकर थाना राजनगर से रवाना होकर मामु भाणेज रोड, दाणी चबूतरा, फव्वारा चौक से वापस रवाना हो दाणी चबूतरा, नायकवाडी, माणक चौक, रेगर मोहल्ला, कलालवाटी, किशोर नगर मण्डा, जिला कारागृह राजसमंद के संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लेग मार्च किया ताकि भविष्य में जरूरत पड़ने पर उस स्थान पर तुरंत पहुंचकर शीघ्र तथा प्रभावी कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही पुलिस थाना राजनगर के शांति समिति तथा प्रमुख जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर शांति एवं भाईचारे से मिलकर रहने तथा अप्रिय घटना होने पर तुरंत बातचीत से सुलझाने के बारे में समझाया। अभ्यास के दौरान सहायक कमाण्डेंट श्रवणलाल मीणा ने बताया कि इलाके की जनसंख्या, सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील जगहों तथा विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा तथा बलवाइयों की सूची तैयार की जाएगी ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कोई अप्रिय स्थिति होने या प्राकृतिक आपदा होने पर अधिक कारगर ढंग से उस पर नियंत्रण एवं कार्रवाई की जा सके। बल के सदस्यों ने राजनीतिक दलों, समाजसेवी संगठनों की भी जानकारी प्राप्त की जाएगी। अभ्यास में निरीक्षक केआर मेघवाल, निरीक्षक घनश्याम मीणा, उप निरीक्षक जीडी विजयसिंह, किशनलाल गुर्जर के अतिरिक्त बल के अन्य अधीनस्थ अधिकारी एवं बल के अन्य रैंक कार्मिकों ने भाग लिया।

Jansanwad Prahari, Jaipur, (RAJ)

# रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन व थाना राजनगर स्टाफ ने राजनगर में किया फ्लैगमार्च

**जनसंवाद प्रहरी, जमवारामगढ़।**

भारत सरकार केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेशानुसार लालवास जयपुर राजस्थान में तैनात रैपिड एक्शन फोर्स की 83 बटालियन के कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं सहायक कमांडेंट श्रवणलाल मीणा के नेतृत्व में सी -83 बटालियन की एक प्लाटून द्वारा शुक्रवार दिनांक 24 फरवरी से 3 मार्च तक जिला राजसमंद राजस्थान के पुलिस थानों का भ्रमण एवं परिचित अभ्यास करने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवलाल बैरवा द्वारा डॉ हनवंत सिंह राजपुरोहित पुलिस निरीक्षक एवं थानाधिकारी पुलिस थाना राजनगर एवं अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों में परिचित अभ्यास किया। स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर थाना राजनगर से रवाना होकर मामु भाणेज रोड, दाणी चबुतरा, फव्वारा चौक से वापस रवाना होकर दाणी चबुतरा,



नायकवाड़ी,माणकचौक, रैगर मोहल्ला, कलालवाटी, किशोर नगर मंडा एवं जिला कारागृह राजसमंद के संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। ताकी भविष्य में ज़रूरत पड़ने पर उक्त स्थान- इलाके में शीघ्र पहुंचकर शीघ्र तथा प्रभावी कार्यवाही की जा सके। इसके साथ ही पुलिस थाना राजनगर की शांति समिति तथा प्रमुख जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर शांति एवं भाईचारे के साथ रहने तथा अप्रिय घटना होने पर तुरंत बातचीत द्वारा समझाइश के बारे में बताया गया। परिचित अभ्यास के दौरान रैपिड एक्शन फोर्स ?द्वारा किए गए परिचय अभ्यास की जानकारी देते हुए सहायक कमांडेंट 83 बटालियन श्रवणलाल मीणा ने बताया की परिचय अभ्यास के दौरान इलाके की जनसंख्या, सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील स्थानों एवं विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा तथा बलवाइयों की सूची तैयार की जायेगी ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय स्थिति होने या प्राकृतिक आपदा होने पर अधिक कारगर ढंग से उस पर नियंत्रण एवं कार्यवाही की जा सके। बल के सदस्यों द्वारा राजनैतिक दलों एवं समाजसेवी संगठनों की भी जानकारी प्राप्त की जायेगी। सी - 83 बटालियन द्रुत कार्यबल द्वारा सभी क्षेत्रों का सांकेतिक चित्र भी बनाया जायेगा। इस मानचित्र का उद्देश्य अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर नियंत्रण के लिए नियुक्त स्थल पर तत्काल पहुंचने में सुविधा होगी। द्रुत कार्यबल द्वारा किया जाने वाला यह एक अभ्यास है। जो की एक नियमित अंतराल के बाद किया जाता है। इस अभ्यास के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में जाकर वहा प्राकृतिक आपदा,। सामाजिक परिवेश तथा समाज में अशांति उत्पन्न करने वाले विभिन्न कारणों का गहन अध्ययन कर डाटा एकत्रित किया जाता है। जिससे विषम परिस्थितियों में द्रुत कार्य बल शांति व्यवस्था बनाए रखने में तत्काल मदद कर की जा सके। परिचय अभ्यास में निरीक्षक के आर मेघवाल, निरीक्षक घनश्याम मीणा, उप निरीक्षक जीडी विजय सिंह, उप निरीक्षक जीडी किशनलाल गुर्जर के अतिरिक्त बल के अन्य अधीनस्थ अधिकारीगण एवं बल के अन्य रैंक कार्मिकों ने भाग लिया।

**Danik Bhaskar, Ahmedabad, (GUJ)**

# शांति समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

## आरएएफ वस्त्राल के सहायक कमांडेंट ने शिवगंज थाने में शांति समिति की ली बैठक

भास्कर न्यूज | शिवगंज

शहर के पुलिस थाना परिसर में रविवार सुबह 11 बजे डी-100 बटालियन आरएएफ वस्त्राल अहमदाबाद गुजरात की एक प्लाटून के सहायक कमांडेंट राजेश कुमार त्रिवेदी की अध्यक्षता में सीएलजी एवं शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बटालियन आरएएफ के कार्यों के बारे में जानकारी दी एवं कानून व्यवस्था पर चर्चा की। बैठक में कमांडेंट तिवारी ने कहा कि आरएएफ की टीम संवेदनशील व अति संवेदनशील इलाकों में संभावित आपराधिक घटनाओं को रोकने या दंगे भड़कने की सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचकर कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कार्रवाई करता है। उन्होंने कहा कि बटालियन की टीम इस समय सिरोही जिले में है और वह विभिन्न संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में जाकर पुलिस के साथ मिलकर मोबाइल पेट्रोलिंग, फ्लैग मार्च कर रही है। कमांडेड तिवारी ने कहा कि इस परिचित अभ्यास में जिले के सभी पुलिस थानों का दौरा किया जा रहा है और पुलिस के साथ मिलकर सीएलजी व शांति समिति की बैठक ली जाकर उन्हें संवेदनशील व अतिसंवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च करने, इलाकों की पहचान, दंगा भड़कने या किसी संभावित आपराधिक घटनाओं की सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचने की जानकारी दी जा रही है एवं संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों की पहचान करने, दंगा भड़कने पर तुरंत पहुंचने एवं उसके रास्तों व नाजूक और महत्वपूर्ण संस्थानों की स्थिति के बारे में जानकारी अधतन करवाने संबंधी जानकारी दी। बैठक में पुलिस थाना सहायक, उप निरीक्षक प्रेम सिंह, शांति समिति सदस्य डॉ. रवि शर्मा, मनोज कुमार,ओमप्रकाश परिहार, शेशाराम गहलोत समेत सदस्य मौजूद थे।



शिवगंज बैठक में बटालियन का दल एवं सीएलजी सदस्य।

**Patrika, Jaipur, (RAJ)**

# विजेता छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क

patrika.com

**दौलतपुरा.** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खोराश्यामदास में शनिवार को आर.ए.एफ. 83वीं बटालियन द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें कबड्डी और वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित हुई।

विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर कमांडेंट प्रवीण कुमार ने प्रतियोगिता की जानकारी दी। सहायक कमांडेंट श्रीराम शर्मा के नेतृत्व कबड्डी और वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई।



**खोराश्यामदास** में विजेता को पुरस्कृत करते हुए।

Aaj Tak Haryana, Kurukshetra, (HR)

# रैपिड एक्शन फोर्स की टुकडी ने किया केयूके व कृष्णा गेट थाना एरिया का भ्रमण





**हंसराज अरोड़ा**
**आजतक हरियाणा**

**कुरूक्षेत्र।** गृह मंत्रालय भारत सरकार की गाईडलाईन के निर्देशानुसार 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स की एक टुकडी कमाण्डेंट श्री राकेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार व राजीव कुमार एसिसस्टैंट कमाण्डेन्ट के नेतृत्व में जिला कुरुक्षेत्र के विभिन्न स्थानों की जानकारी जुटाने के लिये कुरुक्षेत्र पहुँची हुई है । दिनांक 22 फरवरी 2023 को रैपिड एक्शन फोर्स के असिस्टेंट कमाण्डैन्ट राजीव कुमार के नेतृत्व में प्लाटून के सदस्यों ने जिला के अधिकारियों से मुलाकात कर कुरुक्षेत्र की भौगोलिक स्थिति व जिला मे स्थापित महत्वपूर्ण संस्थानो के बारे मे चर्चा की । इस दौरान उन्होंने कुरुक्षेत्र की कानून व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था बारे भी विस्तार से चर्चा की है ।

इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 25 फरवरी 2023 की सुबह आरएएफ की बटालियन 194 के सहायक कमांडेंट राजीव कुमार की अगुवाई में इंस्पेक्टर नीरज कुमार सहित करीब 60 जवानो की टीम क्षेत्र की जानकारी हासिल करने के लिए शाहबाद पहुंची । थाना कृष्णा गेट प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार की टीमो के साथ मिलकर थाना कृष्णा गेट एरिया में फ्लैग मार्च निकाला और एरिया की जानकारी एकत्रित की। रैपिड एक्शन फोर्स की टुकडी थाना एरिया के जन-प्रतिनिधियों से मुलाकात करके हालातों के बारे में जायजा लिया गया । इसके बाद थाना केयूके प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र कुमार से मुलाकात की, एरिया में फ्लैग मार्च निकाला व थाना केयूके एरिया की जानकारी ली । इस टुकडी में पुरुष जवानो के साथ महिला निरीक्षक मीतू कुमारी सहित 10 महिला जवानो की टीम भी शामिल है ।

पत्रकारों से बात करते हुए रैपिड एक्शन फोर्स के सहायक कमांडेंट श्री राजीव कुमार ने बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार की गाईडलाईन के निर्देशानुसार व कमांडेंट श्री राकेश कुमार के मार्गनिर्देश में 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स की एक टीम कुरुक्षेत्र एरिया में पहुंची है जहां पर एक सप्ताह तक टीम द्वारा अलग-अलग एरिया में जाकर कुछ जानकारी जुटाई जाएगी । उन्होंने कहा कि उनकी टीम एरिया में पूर्व में हुई घटनायों के बारे में कारणों सहित जानकारी एकत्रित करेगी ताकि भविष्य में किसी भी समस्या के आने पर उसपर समय रहते निवारण किया जा सके ।

**Dainik Jagran, Ranchi, (JKD)**

# सुरक्षा बल में करियर बनाने के लिए छात्रों को किया प्रेरित



योगदा सत्संग कॉलेज में गुरुवार को हुए कार्यक्रम में विद्यार्थी और जवान।

- योगदा सत्संग कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन
- आरएएफ डीएसपी ने छात्रों को दी जानकारी

रांची, वरीय संवाददाता। योगदा कॉलेज में गुरुवार को एनएसएस व आईक्यूएसी टीम ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें विद्यार्थियों को सुरक्षा बल में करियर की संभावनाओं पर जानकारी दी गई।

कॉलेज के पूर्व छात्र एवं रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के डीएसपी अजीत कुमार ने विद्यार्थियों आरएएफ के कार्यकलापों से अवगत कराया। उन्होंने छात्रों को इस क्षेत्र में मिलने वाले मौकों से भी अवगत कराया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ श्याम पांडे ने किया। वहीं, दूसरी ओर योगदा सत्संग कॉलेज के सीए व आईटी विभाग द्वारा इनोवेटिंग टेक्नोलॉजीज एंड इंटेलिजेंट सिस्टम्स विषय पर ऑनलाइन दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुक्रवार से आयोजित होगा।

Haribhoomi News, Kurukshetra, (HR)

# सीआरपीएफ व आरएएफ के जवानों ने लाडवा में निकाला फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा

जिला कुरुक्षेत्र के पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भोरिया के दिशा निर्देश अनुसार लाडवा के भिन्न-भिन्न मार्गो व इलाकों में सीआरपीएफ और आरएएफ के जवानों ने लाडवा पुलिस के साथ मिलकर लाडवा थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर राम सनेही व सीआरपीएफ के डीएसपी राजीव कुमार सिंह की अगुवाई में एक फ्लैग मार्च निकाला ताकि आपराधिक घटनाओं पर नजर रखी जा सके। लाडवा थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर राम सनेही व सीआरपीएफ के डीएसपी राजीव कुमार सिंह ने संयुक्त बयान में कहा कि पुलिस का काम होता है कि इलाके में सुख शांति बनाए रखना। उन्होंने कहा कि यह फ्लैग मार्च इसलिए निकाला गया कि इलाके में अपराधिक घटनाओं पर नजर रखी जा सके और अपराधिक व असामाजिक तत्वों को एक प्रकार से चेतावनी दी जाए कि यदि उन्होंने कोई गैरकानूनी काम किया तो उनके साथ कानूनी तौर पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह फ्लैग मार्च लाडवा थाना से शुरू होकर जिंदल पार्क, बस अड्डा, निवारसी बाजार, पुराना बाजार, इंद्री चौक, खेड़ा मोहल्ला, जैनपुर मोड, बंसल अस्पताल सहित शहर के मुख्य मार्गो से फ्लैग मार्च निकाला गया। उन्होंने कहा कि इस फ्लैग मार्च से लोगों में उत्साह नजर आया।



लाडवा। लाडवा पुलिस, सीआरपीएफ व आरएएफ के जवान फ्लैग मार्च निकालते हुए।

Yesbabu News, Kurukshetra, (HR)




# सीआरपीएफ व आरएएफ के जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

**लाडवा (कैलाश गोयल).** जिला कुरुक्षेत्र के पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भोरिया के दिशा निर्देश अनुसार लाडवा के भिन्न-भिन्न मार्गो व इलाकों में सीआरपीएफ और आरएएफ के जवानों ने लाडवा पुलिस के साथ मिलकर लाडवा थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर राम सनेही व सीआरपीएफ के डीएसपी राजीव कुमार सिंह की अगुवाई में एक फ्लैग मार्च निकाला ताकि आपराधिक घटनाओं पर नजर रखी जा सके। लाडवा थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर राम सनेही व सीआरपीएफ के डीएसपी राजीव कुमार सिंह ने संयुक्त बयान में कहा कि पुलिस का काम होता है कि इलाके में सुख शांति बनाए रखना। उन्होंने कहा कि यह फ्लैग मार्च इसलिए निकाला गया कि इलाके में अपराधिक घटनाओं पर नजर रखी जा सके और अपराधिक व असामाजिक तत्वों को एक प्रकार से चेतावनी दी जाए कि यदि उन्होंने कोई गैरकानूनी काम किया तो उनके साथ कानूनी तौर पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह फ्लैग मार्च लाडवा थाना से शुरू होकर जिंदल पार्क, बस अड्डा, निवारसी बाजार, पुराना बाजार, इंद्री चौक, खेड़ा मोहल्ला, जैनपुर मोड, बंसल अस्पताल सहित शहर के मुख्य मार्गो से फ्लैग मार्च निकाला गया। उन्होंने कहा कि इस फ्लैग मार्च से लोगों में उत्साह नजर आया।

**Dainik Navjyoti, Jaipur, (RAJ)**



रेलमगरा। कस्बे में पुलिस एवं रैपिड एक्शन फोर्स के जवानफ्लैग मार्च निकालकर शांति बनाए रखने का संदेश देते हुए।

# रेलमगरा में जवानों ने किया फ्लैग मार्च

## ■ रैपिड एक्शन फोर्स की 83 बटालियन एवं पुलिस के सिपाही व अधिकारी हुए शामिल

**नवज्योति/रेलमगरा।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेशानुसार जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के निर्देशन पर थाना प्रभारी भरत नाथ योगी के नेतृत्व में जयपुर में तैनात रैपिड एक्शन फोर्स और रेलमगरा थाना पुलिस ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर रविवार को रेलमगरा थाना क्षेत्र के संवेदनशील और अति संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च किया। थाना प्रभारी भरत नाथ योगी ने बताया कि आगामी त्योहारों को देखते हुए केंद्र सरकार के केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार रेलमगरा पुलिस के साथ ही जयपुर में तैनात रैपिड एक्शन फोर्स के साथ मिलकर संवेदनशील और अतिसंवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसमें रेलमगरा पुलिस थाने से मस्जिद गली, सदर बाजार, देवली चबूतरा, पुरानी तहसील रोड, राजीव गांधी सर्कल होते हुए मुख्य बस स्टैंड पर पहुंचने के साथ ही फ्लैग मार्च का समापन हुआ। इसके साथ ही जगपुरा, पछम्ता, गिलुंड आदि गांवों के विभिन्न गली मोहल्लों में फ्लैग मार्च निकालकर शांति बनाए रखने का संदेश दिया। गौरतलब है कि रैपिड एक्शन फोर्स की 83 बटालियन के कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सहायक कमांडर श्रवण लाल मीणा के नेतृत्व में सी/83 बटालियन की एक प्लाटून 3 मार्च तक जिले में रहकर पुलिस थानों का भ्रमण एवं परिचित अभ्यास करेंगे। इस दौरान बटालियन के जीडी केआर मेघवाल, घनश्याम मीणा, इंस्पेक्टर रामचरण चौधरी, हेड कांस्टेबल शंभू लाल कुमावत कॉन्स्टेबल भंवर सिंह आदि मौजूद थे।

Dainik Jagran, Bawana (New Delhi)

# फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन का मनोबल बढ़ाना

संवाद सहयोगी, बाबैन : रैपिड एक्शन फोर्स ने बाबैन पुलिस के साथ मिलकर क्षेत्र के लोगों को भयमुक्त करने, जनता का मनोबल बढ़ाने व महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए बाबैन के बाजारों एवं गलियों में फ्लैग मार्च निकाला।

रैपिड एक्शन फोर्स के निरीक्षक नीरज, जसविंदर, कुलदीप, राजबीर और महिला कमांडर निरीक्षक मीतू कुमारी ने बाबैन थाना में शांति कमेटी के सदस्यों से मीटिंग कर उनके क्षेत्र के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। अधिकारियों ने क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों के बारे में भी बातचीत की। उन्होंने शांति कमेटी के सदस्यों से क्षेत्र में भाईचारा बढ़ाने व अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने को लेकर भी चर्चा की।



बाबैन में पुलिस के साथ फ्लैग मार्च निकालते हुए रैपिड एक्शन फोर्स के जवान। • जागरण।

रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने फ्लैग मार्च बाबैन के थाना प्रभारी राकेश राणा व रैपिड एक्शन फोर्स के कमांडेंट राकेश कुमार के निर्देशानुसार सहायक कमांडेंट राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में निकाला गया। राजीव कुमार सिंह ने कहा कि सीआरपीएफ की (आरएएफ) यूनिट की जवानों की एक कंपनी गृह मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुसार राकेश कुमार कमांडेंट 194 रैपिड एक्शन फोर्स के निर्देशानुसार सहायक कमांडेंट राजीव कुमार के नेतृत्व में जिसमें करीब 50 जवान 10 महिला जवानों की एक टुकड़ी शामिल थी बाबैन थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च के लिए पहुंची है। राजीव कुमार सिंह ने कहा कि फ्लैग मार्च मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की जनता को भयमुक्त करने के साथ समाज में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और उनका मनोबल बढ़ाना है।

शांति कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक कर क्षेत्र में नागरिकों को अपने कर्तव्य का निर्वाह करने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस दौरान निरीक्षक राजवीर, निरीक्षक जसविंदर सिंह, निरीक्षक नीरज कुमार एवं महिला टुकड़ी में निरीक्षक मीतू कुमारी, उप निरीक्षक कविता नरवाल, अशोक शर्मा, हवलदार नरेंद्र सैनी, संजय कुमार व मुकेश कुमार, बाबैन के पूर्व सरपंच विश्वजीत बिंदल, जितेंद्र गर्ग, अंग्रेज सिंह, मदन शर्मा, जयसिंह रंगा, श्याम लाल सिंगला आदि उपस्थित रहे।

Dainik Bhaskar, Jaipur, (RAJ)

# रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन व थाना स्टाफ ने रेलमगरा व कुंवारियां में किया फ्लैग मार्च

जनसंवाद प्रहरी, जमवारामगढ़।




भारत सरकार केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेशानुसार लालवास जयपुर राजस्थान में तैनात रैपिड एक्शन फोर्स की 83 बटालियन के कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं सहायक कमांडेंट श्रवणलाल मीणा के नेतृत्व में सी -83 बटालियन की एक प्लाटून द्वारा शुक्रवार दिनांक 24 फरवरी से 3 मार्च तक जिला राजसमंद राजस्थान के पुलिस थानों का भ्रमण एवं परिचित अभ्यास करने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के निर्देशन में रविवार को पुलिस उप निरीक्षक एवं थानाधिकारी पुलिस थाना कुंवारियां लालूराम एवं पुलिस निरीक्षक एवं थानाधिकारी पुलिस थाना रेलमगरा भरत योगी एवं अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर संवेदनशील एवं अति संवेदनशील इलाकों में परिचित अभ्यास किया। स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर थाना कुवॉरिया एवं रेलमगरा से रवाना होकर पुलिस चौकी कुरज थाना रेलमगरा से नंदियावाड़ी से पुलिस चौकी गिलुंड कस्बे के मुख्य बाजार एवं मोहल्लों में फ्लैग मार्च किया। ताकी भविष्य में जरूरत पड़ने पर उक्त स्थान- इलाके रेलमगरा में शीघ्र पहुंचकर शीघ्र तथा प्रभावी कार्यवाही की जा सके। इसके साथ ही पुलिस थाना रेलमगरा की शांति समिति तथा प्रमुख जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर शांति एवं भाईचारे के साथ रहने तथा अप्रिय घटना होने पर तुरंत बातचीत द्वारा समझाइश के बारे में बताया गया।

इस अवसर पर कस्बा रेलमगरा के सीएलजी सदस्य गोपाल वैष्णव, फरोह मोहम्मद, जीवनलाल सोनी एवं प्रकाश चौधरी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

परिचित अभ्यास के दौरान रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा किए गए परिचय अभ्यास की जानकारी देते हुए सहायक कमांडेंट 83 बटालियन श्रवणलाल मीणा ने बताया की परिचय अभ्यास के दौरान इलाके की जनसंख्या, सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील स्थानों एवं विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा तथा बलवाइयों की सूची तैयार की जायेगी ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय स्थिति होने या प्राकृतिक आपदा होने पर अधिक कारगर ढंग से उस पर नियंत्रण एवं कार्यवाही की जा सके। बल के सदस्यों द्वारा राजनैतिक दलों एवं समाजसेवी संगठनों की भी जानकारी प्राप्त की जायेगी। सी - 83 बटालियन द्रुत कार्यबल द्वारा सभी क्षेत्रों का सांकेतिक चित्र भी बनाया जायेगा। इस मानचित्र का उद्देश्य अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर नियंत्रण के लिए नियुक्त स्थल पर तत्काल पहुंचने में सुविधा होगी। द्रुत कार्यबल द्वारा किया जाने वाला यह एक अभ्यास है। जो की एक नियमित अंतराल के बाद किया जाता है। इस अभ्यास के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में जाकर वहा प्राकृतिक आपदा।

सामाजिक परिवेश तथा समाज में अशांति उत्पन्न करने वाले विभिन्न कारणों का गहन अध्ययन कर डाटा एकत्रित किया जाता है। जिससे विषम परिस्थितियों में द्रुत कार्य बल शांति व्यवस्था बनाए रखने में तत्काल मदद कर की जा सके। परिचय अभ्यास में निरीक्षक के आर मेघवाल, निरीक्षक घनश्याम मीणा, उप निरीक्षक जीडी विजय सिंह एवं उप निरीक्षक जीडी रामचरण चौधरी के अतिरिक्त बल के अन्य अधीनस्थ अधिकारीगण एवं बल के अन्य रैंक कार्मिकों ने भाग लिया।

Dainik Bhaskar, Bawana (New Delhi)

# दैनिक भास्कर

## लाडवा में रैपिड एक्शन फोर्स ने निकाला फ्लैग मार्च



**लाडवा** | रविवार लाडवा थाना से रैपिड एक्शन फोर्स की टुकड़ी ने लाडवा शहर के मेन बाजार, महाराजा अग्रसेन चौंक, अम्बेडकर चौंक सहित अति संवेदनशील गांवों में फ्लैग मार्च निकाल एरिया की जानकारी जुटाई। लाडवा थाना प्रभारी रामस्नेही ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स की टुकड़ी ने रविवार को लाडवा एरिया में भ्रमण कर बाजारों व गांवों की स्थिति का जायजा लिया। आरएएफ की बटालियन 194 के सहायक कमांडेंट राकेश कुमार की अगुवाई में इंस्पेक्टर नीरज कुमार सहित 60 जवानों ने रविवार सुबह लाडवा एरिया में फ्लैग मार्च निकाल एरिया की जानकारी जुटाई। नीरज ने कहा कि शहर में अमन-शांति के लिए यह फ्लैग मार्च निकाला गया है। उन्होंने कहा कि 2 साल पहले कोरोना जैसी बीमारी आ गई थी। जिसके कारण इस प्रकार के फ्लैग मार्च नहीं निकाले जा सके थे। लोगों में से भय खत्म करने के लिए इस प्रकार के फ्लैग मार्च निकाले जाते हैं। मौके पर मूलचंद, कविता, मुकेश आदि उपस्थित थे।

Yesbabu News, Kurukshetra, (HR)

# रैपिड एक्शन फोर्स की टुकड़ी ने किया केयूके व कृष्णा गेट थाना एरिया का भ्रमण



**कुरुक्षेत्र, यशबाबू समाचार**

गृह मंत्रालय भारत सरकार की गाईडलाईन के निर्देशानुसार 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स की एक टुकड़ी कमाण्डेंट राकेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार व राजीव कुमार एसिसस्टेंट कमाण्डेन्ट के नेतृत्व में जिला कुरुक्षेत्र के विभिन्न स्थानों की जानकारी जुटाने के लिये कुरुक्षेत्र पहुंची हुई है। 22 फरवरी को रैपिड एक्शन फोर्स के असिस्टेंट कमाण्डैन्ट राजीव कुमार के नेतृत्व में प्लाटून के सदस्यों ने जिला के अधिकारियों से मुलाकात कर कुरुक्षेत्र की भौगोलिक स्थिति व जिला मे स्थापित महत्वपूर्ण संस्थानो के बारे मे चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कुरुक्षेत्र की कानून व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था बारे भी विस्तार से चर्चा की है।

इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आज सुबह आरएएफ की बटालियन 194 के सहायक कमांडेंट राजीव कुमार की अगुवाई में इंस्पेक्टर नीरज कमार सहित करीब 60 जवानों की टीम क्षेत्र की जानकारी हासिल करने के लिए शाहबाद पहुंची। थाना कृष्णा गेट प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार की टीमो के साथ मिलकर थाना कृष्णा गेट एरिया में फ्लैग मार्च निकाला और एरिया की जानकारी एकत्रित की। रैपिड एक्शन फोर्स की टुकड़ी थाना एरिया के जन-प्रतिनिधियों से मुलाकात करके हालातों के बारे में जायजा लिया गया। इसके बाद थाना केयूके प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र कुमार से मुलाकात की, एरिया में फ्लैग मार्च निकाला व थाना केयूके एरिया की जानकारी ली। इस टुकड़ी में पुरुष जवानों के साथ महिला निरीक्षक मीतू कुमारी सहित 10 महिला जवानों की टीम भी शामिल है।

पत्रकारों से बात करते हुए रैपिड एक्शन फोर्स के सहायक कमांडेंट राजीव कुमार ने बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार की गाईडलाईन के निर्देशानुसार व कमांडेंट राकेश कुमार के मार्गनिर्देश में 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स की एक टीम कुरुक्षेत्र एरिया में पहुंची है जहां पर एक सप्ताह तक टीम द्वारा अलग-अलग एरिया में जाकर कुछ जानकारी जुटाई जाएगी। उन्होंने कहा कि उनकी टीम एरिया में पूर्व में हुई घटनाओं के बारे में कारणों सहित जानकारी एकत्रित करेगी ताकि भविष्य में किसी भी समस्या के आने पर उसपर समय रहते निवारण किया जा सके।

**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**